


सांध्य दैनिक
# 4PM




अपनी गलती को स्वीकारना झाड़ू लगाने के समान है जो सतह को चमकदार और साफ कर देती है।
-महात्मा गांधी


मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 237 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023



अर्शदीप-आवेश के बाद साई-श्रेयस... 7 | उप्र में सियासी दल उठाएंगे जनसरोकार... 3 | भाजपा के लिए जनता सियासी... 2


# सुरक्षा चूक को लेकर सदन में सत्ता व विपक्ष में तीखी बहस

» तत्काल चर्चा कराने की मांग खारिज किए जाने के बाद विपक्षी दल भड़के

» गृहमंत्री के बयान पर अड़ी कांग्रेस, रास-लोस स्थगित

» अध्यक्ष बोले- यह गंभीर मामला सभी लें चर्चा में भाग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे हफ्ते का पहला दिन सोमवार को फिर हंगामें की भेंट चढ़ गया। संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने की मांग खारिज किए जाने के बाद विपक्षी दलों ने सोमवार को राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा किया, जिस वजह से उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ देर बाद ही 11.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई, तो विपक्ष ने दोबारा हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति धनखड़ ने कुवैत के शासक अल सबा के निधन का उल्लेख किया और उसके बाद पूरे सदन ने कुछ क्षण मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभापति ने शून्य काल आरंभ कराया और इसके लिए पहले भाजपा सदस्य कांता कर्दम और फिर कांग्रेस के प्रमोद तिवारी का नाम पुकारा। तिवारी ने कहा कि वह महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहते हैं, लेकिन पहले विपक्ष के नेता खरगे को बोलने का मौका दिया जाए। पर खरगे को बोलने का मौका नहीं दिया।



## विपक्ष ने किया हंगामा

संसद की सुरक्षा चूक को लेकर आज संसद की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने खूब हंगामा किया। सांसदों ने पोस्टर लेकर हंगामा किया, जिसके चलते लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी है। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह दुखद है कि इस मुद्दे पर राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि सदन के वेल में आना और नारेबाजी करना सदन की गरिमा के खिलाफ है। निलंबित सांसद संसद के द्वार की सीढ़ियों पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सदन में प्रवेश करते समय कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनसे मुलाकात भी की।

## अदालत में आज होगी सुनवाई

वहीं 13 दिसंबर को पुलिस ने नीलम को पकड़ा था। तभी से स्वजन उससे मुलाकात नहीं कर पाए हैं। ऐसे में स्वजनों ने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका लगाई है। इस पर आज सुनवाई होगी। इसमें स्वजनों नें एफआईआर की कापी भी मांगी है। इसके आधार पर ही वकील आगे की योजना तैयार करेगा।

## मामले की हो रही उच्च स्तरीय जांच : बिरला



संसद की सुरक्षा चूक पर आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का बयान आया है। ओम बिरला ने कहा कि हम इस घटना पर काफी सख्ती से कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने इसी के साथ कहा कि वो हर सांसद की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और इस घटना पर उचित कदम उठाने का भरोसा भी दिया।

## नीलम के घर जांच करने पहुंची दिल्ली पुलिस



संसद सुरक्षा सेंध मामले में पकड़ी गई जींद जिले की घसो खुर्द निवासी नीलम के घर जांच करने दिल्ली पुलिस की टीम रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे पहुंची। इस दौरान टीम ने करीब डेढ घंटे तक घर की तलाशी ली स्वजनों से पूनम के बारे में पूछताछ भी की। नीलम के भाई के कमरे की भी तलाशी ली गई। पुलिस अपने साथ कुछ दस्तावेज ले गई। पुलिस ने आते ही सबसे पहले उसके कमरे की तलाशी ली। इसके बाद नीलम के कमरे की तलाशी ली। यहां बैड में काफी सारी पुस्तकें मिली हैं। कुछ पुस्तकें पुलिस अपने साथ ले गई। इसके अलावा यहां तीन बैंकों की पासबुक मिली हैं। इनमें इलाहबाद बैंक की पासबुक पर किसी का नाम नहीं था।

# पीजीआई में वेंटिलेटर फटा, भीषण आग

» दो कर्मचारी झुलसे, अस्पताल परिसर में हड़कंप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में वेंटिलेटर फटने से भीषण आग लग गई। हादसे में दो कर्मचारी झुलस गए हैं। दमकल की छह गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के अनुसार पीजीआई अस्पताल के ओटी कॉम्प्लेक्स में सोमवार की सुबह भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आकर दो लोग बुरी तरह से झुलस गए। तत्काल प्रशासन ने फायर ब्रिगेड बुलाया। आग की सूचना के बाद पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और आश्वासन दिया कोई सबकुछ काबू कर लिय गया है। उधर हादसे में एक बच्चे के मौत की भी सूचना भी मिल रही है हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई हैं। थाना पीजीआई क्षेत्र के अंतर्गत पीजीआई अस्पताल में यह घटना घटी है।


# अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद को दिया गया जहर!

» पाकिस्तान में इंटरनेट सेवा बंद की गई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कराची। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम एक बार फिर चर्चा में हैं, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि उसको जहर दिया गया है और उसकी हालत बेहद नाजुक है। जहां एक तरफ पाकिस्तानी हुकूमत इस बात को छिपाने की कोशिश कर रही है तो वहीं वहां की वरिष्ठ पत्रकार आरजू काजमी ने इस बात की पुष्टि की है कि दाऊद को जहर दिए जाने की चर्चा है।

इसके चलते वहां इंटनेट भी बंद कर दिया गया है और दाऊद का कराची के



अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बात की भी पुष्टि आरजू काजमी ने की है। सुनने में आ रहा है कि दाऊद इब्राहिम को किसी ने जहर दिया है। उसकी तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कराची के किसी हॉस्पिटल में उसको रखा गया है, ये खबर सोशल मीडिया पर चल रही है।

# भाजपा के लिए जनता सियासी मोहरा : अखिलेश

### » बोले- बीजेपी सरकारें सिर्फ मनमानी करती हैं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा की सरकारों पर जमकर हमला बोला है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा गरीबों को अपनी राजनीति का मोहरा बनाने का काम कर रही है। भाजपा सरकारें जनता की बातें नहीं सुनना चाहती है, वो सिर्फ अपने मन की बात सुनाती हैं। विपक्ष के प्रति उसका रवैया उपेक्षा का है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में उसका विश्वास नहीं है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि आज देश को विकसित भारत बनने का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।



जिस देश में आज भी करोड़ों लोगों को दो वक्त की रोटी और रोजगार उपलब्ध न हो, अन्नदाता किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हो और महिलाएं-बच्चियां रोज दुष्कर्म की शिकार हो रही हों, वहां गारंटी की घंटी बजाकर लोगों को धोखा देना कहां तक उचित है। उन्होंने कहा कि देश की नई पीढ़ी हताशा में डूबी हुई है। उसके पास न शिक्षा की व्यवस्था है और न ही रोटी-रोजगार की गारंटी है। देश में व्यापार और उद्योग जगत सरकारी हस्तक्षेप और उत्पीड़न से बुरी तरह परेशान है। उत्तर प्रदेश में निवेश के नाम पर 40 लाख करोड़ के एमओयू होने का दावा किया जा रहा है, पर अभी तक एक भी उद्योग नहीं लगा और न ही किसी को रोजगार मिला है। भाजपा सरकार ने अपनी छापामार एजेंसियों की बदौलत सब तरफ भय और आतंक का वातावरण बना दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब चीन की घुसपैठ पर देश की सुरक्षा के लिए सुझाव मांगे गए तो समाजवादी पार्टी ने यह सुझाव दिया कि सैन्य आपातकाल में शीघ्रातिशीघ्र सैनिक और सैन्य सामग्री भेजने के लिए ग्वालियर से लिपुलेक तक एक छह लेन सड़क बनाई जाए, लेकिन बात चार लेन से होते हुए सिंगल लेन पर पहुंच गई। आने-जाने के सिंगल लेन से तत्काल सैन्य आपूर्ति कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। इस मार्ग से दश की सुरक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति के मानसरोवर के दर्शन का मार्ग भी सुगम होगा। इसलिए भाजपा सरकार इस पर पुनर्विचार करे, राजनीति नहीं।

## सामाजिक सद्भाव बिगाड़ रही बीजेपी

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ रही है। समाज में नफरत फैलाना भाजपा का एजेंडा है। इस पार्टी ने बांटो व राज करो की नीति अंग्रेजों से सीखी है। ऐसे में सपा कार्यकर्ता इससे सावधान रहें। वह गरीबों, नौजवानों, किसानों व महिलाओं के मुद्दों को जोर-शोर से उठाएं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए यानी पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों के विरूद्ध षड़यंत्र रच रही है। हमें इससे सावधान होना होगा। जातिवार गणना से ही लोगों को न्याय मिल सकता है। लोकतंत्र व संविधान को कमजोर किया जा रहा है और सपा इसे बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी आदत से मजबूर है और वह सपा शासनकाल में कराए गए कार्यों को अपनी उपलब्धियों में गिनाकर वाह-वाही लूट रही है। लोग भाजपा सरकार से ऊब चुके हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में आइएनडीआइए व पीडीए को सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। बैठक में विशेष रूप से पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी व प्रतिनिधि शामिल हुए। अनीस मंसूरी ने कहा कि अखिलेश यादव ही पिछड़े मुसलमानों के असली हितैषी हैं। बैठक में हाजी अंजुम अली व महबूब आलम लारी आदि मौजूद रहे।

### महिला अपराधों को छिपा रही भाजपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये कहा कि अब जब ये समाचार है कि उत्तर प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराधों में नंबर वन पर है तो भाजपा सरकार यह कुतर्क देगी कि जब उत्तर प्रदेश की जनसंख्या सबसे ज्यादा है तो अपराध भी सबसे ज्यादा होंगे। ऐसे में जनता यह कहेगा कि अगर जनसंख्या सबसे ज्यादा है तो संसाधन भी तो सबसे ज्यादा हैं। भाजपा ऐसी बचकानी दलीलों से महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के सत्य और तथ्य को दबा नहीं सकती।

### दुर्भावना के साथ हो रही कार्रवाई

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी में सड़कों पर ड्राई फ्रूट्स बेचने वालों को हटाने पर कहा कि देश भर में जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करने की स्वतंत्रता का अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेखर सत्ता चलाने वालों को याद दिलाई जाए। नियमों के उल्लंघन के स्थान पर यदि दुर्भावना इसका आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता। इस असंवैधानिक कृत्य की तत्काल जांच हो और इसके पीछे की सही मंशा के आधार पर कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### शासन व्यवस्था ठीक तो स्वास्थ्य भी ठीक : धनखड़

**लखनऊ।** स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है। भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार अथवा नाम का हो कानून सबके लिए बराबर काम कर रहा है। यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला आज से शुरू हुआ है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपके पास एक ही विकल्प है स्वस्थ रहना। माया का सुख भी तभी मिलेगा, जब निरोगी काया होगी। धनखड़ ने कहा कि एक समय था जब आम जनता को दिल्ली से चलने वाला पैसा पूरा नहीं मिलता था लेकिन आज के समय में 100 प्रतिशत मिल रहा है। अटल जी की जो आकांक्षा और भावनाएं थीं वह आज पूरी हो रही हैं। अटल जी होते तो देखते कि उनका सपना सार्थक हो रहा है। आज भारत किसी के दृष्टिकोण का मोहताज नहीं है, हमारा देश पूरी दुनिया को दिशा दे रहा है। एक समय था कि स्वास्थ्य के मामले में हमने अंग्रेजियत को अपना लिया था लेकिन मौजूदा सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन कर हमें अपनी पुरानी पद्धति को अपनाने का अवसर दिया है।

### यूपी में गर्मियों में न हो बिजली संकट : ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेशवासियों को गर्मियों में बिजली संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिए हैं। उन्होंने विद्युत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार की पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) की मदद से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस योजना के तहत मीरजापुर, बस्ती व गोंडा में सुस्त गति से कराए जा रहे कार्य पर उन्होंने सख्त निगरानी जताई। एमडी पूर्वांचल को उन्होंने चेतावनी दी कि काम में तेजी लाई जाए। ऊर्जा मंत्री ने फिर कहा कि एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का तीसरा चरण 31 दिसंबर को खत्म होगा। अब आगे यह योजना नहीं बढ़ाई जाएगी।

## कोरोना के नए सब-वेरिएंट पर प्रतिबंध की तैयारी नहीं : दिनेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बंगलूरू। कोरोना का सब वेरिएंट जेएन1 का एक मामला केरल में सामने आया है। इसी बीच, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने सीमा पर आवाजाही को प्रतिबंधित करने की आवश्यकता से इनकार किया है। हालांकि सरकार ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। केरल में बढ़ते कोविड मामलों के जवाब कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि वर्तमान स्थितियों को देखकर लगता है कि फिलहाल हमें घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा भी नहीं कि हम इसे हल्के में लें, हमें सावधानियां बरतनी होगी।

सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच कराने और आवाजाही को प्रतिबंधित करने की मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि अभी ऐसी कोई स्थिति आई है। अभी किसी भी तरह के प्रतिबंध की कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं कर्नाटक में कोविड के मामलों के मद्देनजर तैयारियों के संबंध में उन्होंने कहा कि राज्य में आईसीयू बेड और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बढ़ा दी गई है। हमने इसको लेकर एक मॉक ड्रिल भी की है।

## लोस चुनाव जीतने पर बनेगी रणनीति

### » दिल्ली पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय
### » यात्रा के लिए देंगे खरगे, राहुल व प्रियंका को न्यौता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ ।लोकसभा चुनाव में कैसे प्रदेध में पार्टी का जनाधार बढ़े और सीटें हासिल हो उसी के मद्देनजर राज्य कांग्रेस ने मेहनत करना शुरू कर दिया है और संगठन की सक्रियता पर कांग्रेस की नई रणनीति तय की जाएगी। यह रणनीति दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के साथ होने वाली बैठक में बनेगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रदेश कार्यकारिणी की अब तक की गतिविधियों, बूथ कमेटी का ब्यौरा और लोकसभा सीटों पर तैयारी का विवरण लेकर दिल्ली रवाना हो गए हैं।

कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की ओर से हर प्रदेश की कार्यकारिणी को दिल्ली में बारी-बारी से बुलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को उत्तर प्रदेश



के नेताओं को बुलाया गया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक मोना मिश्रा, वीरेंद्र चौधरी, महासचिव संगठन अनिल यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, डा. निर्मल खत्री, राजेश मिश्रा, सलमान खुर्शीद, अजय कुमार लल्लू सहित 41 लोगों को बुलाया गया है। अजय राय के अध्यक्ष बनने के करीब चार माह बाद हो रही इस बैठक में संगठन पर विस्तार से चर्चा होगी। सूत्रों का कहना है कि संगठन की ओर से चलाए गए विभिन्न अभियानों, बूथ कमेटी और लोकसभा चुनाव की तैयारी पर भी विमर्श होगा। गठबंधन की स्थिति में किन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार दमदारी से चुनाव लड़ सकते हैं, इसका भी विवरण प्रदेश की ओर से सौंपा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए प्रथम श्रेणी में 30 सीटों पर दावा किया जाएगा। जबकि द्वितीय श्रेणी में 30 और तृतीय श्रेणी में 20 सीटें रखी गई हैं। प्रथम श्रेणी की सीटों का निर्धारण पूर्व में मिले वोट के हिसाब से की गई है। प्रथम श्रेणी में रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, फूलपुर, फर्रुखाबाद, बांदा, झांसी, सहारनपुर, नगीना, मुरादाबाद, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, धौरहरा, पीलीभीत, उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, फतेहपुर, घोसी, जौनपुर, गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, गोंडा, डूमरियागंज, महराजगंज, सलेमपुर, चंदौली, राबर्ट्सगंज आदि सीटें शामिल हैं। इस दौरान यूपी जोड़ो यात्रा के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को न्यौता भी दिया जाएगा।

# मनोज के खिलाफ भाजपाईयों ने खोला मोर्चा

### » बोले कार्यकर्ता- हो रहा शोषण, न मिलते हैं और न फोन उठाते हैं सांसद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क


नई दिल्ली।दिल्ली प्रदेश भाजपा में सब ठीक नहीं चल रहा है। राज्य के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सूत्रों के अनुसार विरोध के सुर एक बार फिर तेज हो गया है। तिवारी के कार्यशैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च भी किया। मनोज तिवारी को हटाओ लोकसभा के कार्यकर्ताओं का शोषण बचाओ के नारे लगाए।

इस नारे की तख्तियां भी लिए हुए थे, जबकि दूसरी तरफ मंडोली में भाजपा कार्यकर्ता संगम कार्यक्रम भी चल रहा था, जिसमें प्रदेश भाजपा प्रभारी वैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी उस कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मंडल गठन से लेकर जिले गठन में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। इसी संदर्भ में भाजपा सबोली मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल डागर के नेतृत्व में मनोज तिवारी के खिलाफ अभियान चलाया गया। डागर ने कहा कि 10 साल में सांसद मनोज तिवारी द्वारा कार्यकर्ताओं का लगातार शोषण किया जा रहा है। जमीनी कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी की गई है। दलबदलुओ, चाटुकारों व दूसरे संगठनों से आए लोगों को सांसद तवज्जो देते हैं। उनसे मिलना तो दूर मोबाइल कॉल भी नहीं उठाते हैं। पूर्व सांसद बीएल शर्मा प्रेम व लाल बिहारी तिवारी कार्यकर्ताओं के हर सुख-दुख में शामिल रहते थे। मगर सांसद मनोज तिवारी बात करने को भी तैयार नहीं होते।



### मैं बाबा महाकाल का सेवक : रवि किशन

उज्जैन। गोरखपुर से सांसद रवि किशन सोमवार अलसुबह बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान वह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए और ओम नमः शिवाय के साथ ही जय श्री महाकाल-जय जय महाकाल का उद्घोष करते दिखाई दिए। बाबा महाकाल की पूजा अर्चना के बाद सांसद रवि किशन ने बताया कि मैं बाबा महाकाल का सेवक हूं और उन्हीं के चरणों का दास हूं। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति और यहां सेवा कार्यों में लगे लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, बाबा महाकाल के दर्शन करने का मेरा अनुभव अच्छा रहा है। अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंदिर में की गई व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की और कहां की मैं उन्हें प्रणाम करता हूं।





# उप्र में सियासी दल उठाएंगे जनसरोकार से जुड़े मुद्दे

## रालोद, सपा, बसपा व कांग्रेस ने दिखाई सक्रियता

- भाजपा को घेरने की तैयारी में विपक्षी दल
- संसद घुसपैठ के बाद बदलेगा माहौल
- रालोद का केंद्र और यूपी सरकार पर निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पांच विधान सभा चुनावों के बाद अब सारे सियासी दल लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गए हैं। इसी के साथ अलग-अलग राजनीतिक दल अलग-अलग मांगों के साथ सक्रिय हो गए हैं। जो दल जिसकी पैरवी करना चाहता है उसको अपने एजेंडे में टाप पर रख रहा है। जैसे किसान की राजनीति करने वाली रालोद धरती पुत्र (अन्नदाता) पर नजर गड़ाए हैं। वहीं सपा,कांग्रेस व अन्य दल बीजेपी को घेरने की तैयारी करने में जुट गए हैं। इधर संसद में घुसपैठ के बाद वैसे भी मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। अब इस घटनाक्रम के बाद राजनीति में भी बदलाव होगा।

कुल मिला तीन-चार दिन से जो माहौल बन रहा है उससे तो ऐसा ही लग रहा है पूरा विपक्ष इस मुद्दे को लेकर बीजेपी या मोदी सरकार को आगामी 2024 लोक चुनाव तक चैन से नहीं बैठने देगी। किसानों की राजनीति करने वाला राष्ट्रीय लोकदल भी किसानों के अलग-अलग मुद्दों को लेकर के सक्रिय दिखाई दे रहा है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि 23 दिसंबर तक अगर उत्तर प्रदेश में गन्ने का मूल्य 450 प्रति कुंटल नहीं किया गया तो रालोद किसान करेगी। वहीं 26 दिसंबर को रालोद की राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की अगुवाई में पार्टी विधानसभा का घेराव और प्रदर्शन भी किया जाएगा। रालोद इस वक्त अपने विस्तार पर काम कर रही है और इस विस्तार के साथ ही अलग अलग मुद्दे उठाकर भाजपा को घेरने की कवायद में भी लगी है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कार्यकर्ताओं के संग बैठक कर 2024 की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने इंडिया गठबंधन द्वारा देश में बदलाव लाने की बात कही और कहा कि रालोद इंडिया गठबंधन की मजबूती पर काम कर रहा है। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए उसे पूंजीपतियों की हितैषी पार्टी बताया।

अनिल दुबे ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार 23 दिसंबर तक गन्ने का मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ाए और अगर 23 तक ये मूल्य नही बढ़े तो रालोद किसान पंचायत करेगी। उन्होंने यूपी विधानसभा के घेराव को भी 26 दिसंबर को करने की बात कही। अनिल दुबे ने कहा कि किसानों के साथ प्रदेश में लगातार अन्याय हो रहा है। ना ही गन्ने का रेट बढ़ा है ना ही बकाया का भुगतान हो रहा है। रालोद नेता ने कहा जनता से किए वादों को भाजपा ने पूरा नहीं किया और भाजपा को बेनकाब करने का काम अब राष्ट्रीय लोक दल करेगी. अनिल दुबे ने रोजगार के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भाजपा ने युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी पर आज की क्या स्थिति है बल्कि अग्निवीरों की भर्ती कर सेना का भी अपमान किया जा रहा है।










## बेगम नूरबानो फिर मैदान में

नवाब जुल्फेकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के निधन के बाद 1996 में बेगम नूरबानो सक्रिय राजनीति में उतरीं और पहली बार में ही कांग्रेस के टिकट पर रामपुर की सांसद बनीं। हालांकि, 1998 में हुए चुनाव में वह बीजेपी के मुख्तार अब्बास नकवी से हार गई थीं। 1999 में फिर हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, इसके बाद उन्हें सफलता नहीं मिली। जीत गई थीं। 2004 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़ीं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा से नूरबानो हार गई थीं। 2009 में भी नूरबानो को जयाप्रदा ने चुनाव हरा दिया था। 2014 में रामपुर के बजाय मुरादाबाद सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं, लेकिन यहां भी उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद 2019 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। अब एक बार फिर उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। नूरबानो के पति नवाब जुल्फेकार अली खां कांग्रेस से रामपुर के पांच बार सांसद रहे थे लोकसभा चुनाव में जो भी पार्टी हाईकमान का आदेश होगा, उसी को चुनाव लड़ाया जाएगा। चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इंडिया गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। गठबंधन और समाजवादी पार्टी का जो भी फैसला होगा वह पूरी तरह सर्व मान्य होगा। जैसा हाईकमान का फैसला होगा वैसा ही किया जाएगा।

## भाजपा की तानाशाही के खिलाफ महाराष्ट्र में बजेगा बिगुल

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष को शिवसेना के बागी विधायकों पर जल्द फैसला देने का फरमान दिया है। उधर कांग्रेस वहां पर फिर से सक्रिय होने की जुगत में लग गई है। वहआगामी 28 दिसंबर को 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस नागपुर में एक बड़ी रैली आयोजित करेगी, जिसमें अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी लोगों को संबोधित करेंगे। रैली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि नागपुर की रैली के माध्यम से कांग्रेस लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी। नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है। इसलिए कांग्रेस की रैली के मायने निकाले जा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने पार्टी नेता मुकुल वासनिक की



उपस्थिति में महाराष्ट्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के वोट शेयर में भारी बढ़ोतरी हुई है। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में भी स्पष्ट बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनी है। वहीं, भाजपा तानाशाही तरीके से काम कर रही है। यहां तक कि देश की संसद तक सुरक्षित नहीं है तो देश कैसे सुरक्षित रहेगा। उन्होंने सवाल किया कि हमलावरों को पास देने वाले भाजपा सांसदों के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना 1885 में मुंबई में हुई थी इसलिए नागपुर में रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के कार्यकर्ता की इच्छा है कि नागपुर में रैली हो क्योंकि नागपुर भौगोलिक रूप से नजदीक पड़ता है। चव्हाण ने कहा कि इस रैली का राजनीतिक महत्व तो है लेकिन इसे आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखना ठीक नहीं होगा। कांग्रेस की रैली में इंडिया गठबंधन के नेताओं को बुलाने के बारे में अभी कोई बात नहीं हुई है।

## बीजेपी ने सीता को राम से अलग करने का काम किया है : त्रिलोक

सनातन धर्म पर टिप्पणियों को लेकर छिड़ा विवाद अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब लोकसभा चुनाव से पहले राम के नाम को लेकर आरएलडी ने नई बहस छेड़ दी। आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा है कि मैं आरएसएस और बीजेपी के श्रीराम को नहीं मानता, क्योंकि वो नागपुर से निकले हैं। उन्होंने कहा कि मैं महात्मा गांधी और चौधरी चरण सिंह के राम को मानता हूं, उन्होंने कहा कि गांधी के राम रघुपति राघव राजा राम, ईश्वर अल्लाह तेरे नाम हैं जबकि बीजेपी के राम वो हैं कि वोट की राजनीति करो और लो राम का नाम और सामने वाले का कर दो काम। आरएलडी नेता ने आगे कहा कि मैंने बचपन से सीता राम का नाम सुना, श्रीराम नहीं सुना, लेकिन बीजेपी ने सीता को राम से अलग करके महिला विरोधी होने का काम किया है. मैं सीता राम का अनुयायी हूं। त्रिलोक त्यागी ने मध्य प्रदेश में शिवराज चौहान को मुख्यमंत्री न बनाने पर चुटकी ली और कहा कि बेचारे शिवराज मामा अचेत अवस्था में हैं। बीजेपी ने वहां मामा और बहनों का अपमान किया। उन्होंने दीपावली के त्योहार पर सरयू के तट पर 21 लाख दीए जलाने पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि एक दीपक जला देतें और बाकी तेल गरीबों के घर में रोशनी कर देता। लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल के लिए मुश्किल खड़ी करने को मैदान में उतरी लोकदल पार्टी को उन्होंने बीजेपी का पोषित बच्चा बता दिया। इससे पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ नेताओं ने सनातन धर्म पर भी टिप्पणी की थी इंडिया की घटक दल डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन की तुलना डेंगू, मलेरिया से की थी. जिसे लेकर खूब हंगामा हुआ था. आरएलडी भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

## सपा यूपी में बनाएगी दबाव, रामपुर में कड़ी टक्कर

10 साल राजनीति से दूर रहने के बाद पूर्व सांसद नवाब खानदान की बहू बेगम नूरबानो ने बड़ा एलान किया है। पार्टी की बैठक में रामपुर सीट से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है। इस घोषणा से सियासी जानकार भी हैरत में हैं। 10 साल तक चुनावी राजनीति से दूर रहने के बाद नवाब खानदान की बहू बेगम नूरबानो ने एक बार फिर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। इस एलान से जहां रामपुर के सियासी समीकरण बदलेंगे, वहीं इस घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन में रार बढ़ने की भी संभावना है। इसके पीछे वजह यह है कि रामपुर लोकसभा सपा की सीट मानी जाती है, लेकिन कांग्रेस नेता द्वारा यहां से दावेदारी करने से गठबंधन में रार बढ़ सकती है। रामपुर की दो बार सांसद रह चुकीं बेगम नूरबानो ने बृहस्पतिवार को कांग्रेसियों के साथ हुई बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए ताल ठोंकने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से सियासी जानकार भी हैरत में हैं। उनका कहना है कि इससे घोषणा से रामपुर की सियासत में नए समीकरण बनकर तो उभरेंगे ही साथ ही इंडिया गठबंधन में दरार भी बढ़ सकती है। इंडिया गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता आजम खां का खासा दबदबा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा-बसपा गठबंधन था तब भी यह सीट सपा के खाते में गई थी और आजम खां चुनाव लड़े थे और जीते थे। जबकि 1999 के बाद से कांग्रेस यहां से एक बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। ऐसे में नूरबानो की घोषणा से सपा-कांग्रेस में रार बढ़ सकती है।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन-1 बरतें सावधानी

“ सरकारें भी राजनीति छोड़कर व्यवस्था दुरुस्त करें। कहीं ऐसा न हो 2020 की तरह भारी नुकसान हो जाए। केरल में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन-1 का पहला मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया।

*एकबार फिर कोरोना की दस्तक सुनाई दे रही है। हालांकि की अभी प्राथमिक स्तर पर चर्चा है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। पर फिर भी लापरवाही करना खतरा हो सकता है। आम लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। सरकारें भी राजनीति छोड़कर व्यवस्था दुरुस्त करें। कहीं ऐसा न हो 2020 की तरह भारी नुकसान हो जाए। केरल में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन-1 का पहला मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही पृथक-वास (क्वारंटीन) में रह रहे हैं। इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था।*

*यह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले का मूल निवासी है और उसने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी। तिरुचिरापल्ली जिले या तमिलनाडु के अन्य स्थानों में जेएन.1 से संक्रमण के मामले सामने आने के बावजूद मामलों में वृद्धि दर्ज नहीं हुई। भारत में जेएन.1 वेरिएंड का कोई अन्य मामला सामने नहीं आया है. कोविड-19 के सब वेरिएंट जेएन.1 की पहचान पहली बार लक्जमबर्ग में की गई थी. कई देशों फैला यह संक्रमण पिरोलो स्वरूप (बीए.2.86) से संबंधित है। भारतीय सार्स कोविड-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के चीफ डॉक्टर ने कहा, नवंबर में रिपोर्ट किया गया था और इस वेरिएंट को अलग कर दिया गया। यह बीए-2.86 का एक सब वेरिएंट है। हमारे पास जेएन-1 के कुछ मामले है। भारत निगरानी रख रहा है और यही कारण है कि अब तक किसी अस्पताल में भर्ती होने या गंभीर बीमारी की सूचना नहीं मिली है। एएनआई के मुताबिक, नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष राजीव जयदेवन ने बताया कि सात महीने के अंतराल के बाद, भारत में मामले बढ़ रहे हैं। केरल में कोविड होने की खबरें हैं, लेकिन इसकी गंभीरता कम ही दिख रही है। भारत सरकार व राज्य सरकार इसकों संज्ञान में लेते हुए ऐसी व्यवस्था देखे कि यी बीमारी केरल से बाहर न फैल पाए। जरुरत हो तो वहां के लोगों को देश अन्य हिस्सें में जाने से रोक लगाई जाए साथ देश के अन्य हिस्से के लोगों को वहां जाने रोका जाए।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# क्षेत्रवार असमानता कम होने से राष्ट्रवाद को मजबूती

विवेक काटजू

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी अध्यक्ष एमके स्टालिन ने अपने दल के सांसद डीवीएन सेंथीकुमार की खिंचाई करके ठीक किया है, जब उक्त सांसद ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनावों में भाजपा की जीत के बाद लोकसभा में हिन्दी भाषी सूबों को 'गोमूत्र राज्य' ठहराया। पिछले सप्ताह लोकसभा में दिए अपने भाषण में सेंथीकुमार ने तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में भाजपा की चुनावी हार का हवाला देते हुए कह डाला कि भाजपा का दक्षिण भारत में सफल होना मुश्किल है। अंतत: उन्हें अपने कहे पर माफी मांगनी पड़ी और उक्त शब्दों को लोकसभा कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया गया।

देश के किसी भी हिस्से या सूबे के लोगों की भावुकता को चोट पहुंचाने वाले किसी सांसद के ऐसे शब्द अस्वीकार्य हैं। संसदीय कार्यवाही में हल्की-फुल्की छेड़छाड़ होती है, होती आई है और होनी भी चाहिए, क्योंकि सदस्यों की विषयात्मक बहस में कुछ हद तक नोक-झोंक भरा तरीका मित्रतापूर्ण बहस का हिस्सा होती है। हालांकि, बेइज्जती करने वाले शब्दों की संसदीय प्रकिया में कोई जगह नहीं है। डीएमके सांसद के बोल न केवल चोट पहुंचाने वाले थे बल्कि इंडिया नामक गठबंधन का राजनीतिक रूप से खमियाजा भी हो सकता है। उम्मीद के मुताबिक भाजपा ने उक्त शब्दों पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की और इन्हें उत्तर-दक्षिण के आधार पर देश को बांटने वाला प्रयास करार दिया। दक्षिण के संदर्भ में, जहां कर्नाटक में भाजपा की हार हुई है, लेकिन तेलंगाना में कुल वोटों में अपना हिस्सा बढ़ने से सांत्वना भी मिली है। ऐसा नहीं है कि मानो दक्षिण में भाजपा का कोई आधार नहीं है। लेकिन तथ्य यह भी है कि किसी भी दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा की अपनी सरकार नहीं है, हालांकि पुडुचेरी में भाजपा सत्तारूढ़ गठजोड़ का अंग है। ठीक इसी समय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सूबों की जनसंख्या के अच्छे-खासे वर्ग में अपने प्रति भरोसा अर्जित किया है, विशेषकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर।

अलबत्ता, डीएमके सांसद के बोलों से बना विवाद मौका है भारतीय राष्ट्रवाद पर आत्मविश्लेषण करने का। यह इसलिए क्योंकि हो सकता है कि राष्ट्रवादिता की परतों के भीतर क्षेत्रवाद मौजूद हो। इसमें कोई शक नहीं कि




आजादी के बाद से देश की राष्ट्रवादिता की जड़ें लचीली रही हैं और मजबूत होती गईं। देश के तमाम इलाकों में लोग राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं, जो देश पर बाहरी खतरा महसूस होने पर खासतौर पर उभर आती है। इसके आलोक में, राजनीतिक वर्ग को सनद रहे कि दुनिया की कुल आबादी में छठा हिस्सा रखने वाले देश भारत का राष्ट्रवाद समावेशी हो, जो सभी संस्कृतियों, जीवनशैली, भाषाओं, क्षेत्रीय आकांक्षाओं का सम्मान करे। साथ ही, राष्ट्रवाद तभी मजबूत होगा जब दौलत और कमाई के मामले में क्षेत्रवार विषमताएं घटें। यह बात देश के विभिन्न हिस्सों में मानव विकास के स्तर पर भी लागू होती है। जिस एक विषय पर चर्चा कभी-कभार होती है, वह है संविधान में राजकीय नीति के दिशा-निर्देशक सिद्धांतों पर प्रकाश। राजनीतिक वर्ग और जनता अधिकांशत: भूली बैठी है कि दिशा-निर्देशक सिद्धांत देश में राजकाज चलाने का 'आधारभूत' है और कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करवाना राजव्यवस्था का कर्तव्य है। अनुच्छेद 38(2) का दिशा-निर्देश सिद्धांत कहता है 'राजव्यवस्था, खासतौर पर, आमदनी में असमानता को न्यूनतम रखने और सामाजिक रुतबे, सुविधाएं और अवसरों में गैर-बराबरी को समाप्त करने का प्रयास करे, न केवल किन्हीं लोगों में, बल्कि अलग-अलग भागों में बसी आबादी और विभिन्न रोजगारों में लिप्त लोगों के बीच भी।' जाहिर है यहां शब्द 'क्षेत्र' में सूबे भी शामिल हैं। इससे इंकार नहीं हो सकता कि बढ़ती क्षेत्रवार और राज्यवार असमानता के चलते विभिन्न किस्म के दबाव और भावनाएं -कुछ अस्वस्थ भी उभरें। राजनीतिक वर्ग गरीबों के संत्रास का हल निकालने को विभिन्न उपाय बैठा रहा है, इसमें उनके खातों में सीधे पैसे भेजने वाली योजना भी शामिल है।

यह अच्छा है कि बिचौलिए द्वारा यह पैसा हड़पने से बचाने के लिए धन स्थानांतरण के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय एवं राज्य सरकारें गरीब वर्ग की रोजगार संभावना बेहतर बनाने को कौशल स्तर बढ़ाने वाली योजनाएं चलाना चाहती हैं। जहां एक ओर यह सब किया जा रहा है, जिस मुख्य और बहुत अहम ध्येय को स्पष्टत: नजरअंदाज किया जा रहा है, वह है व्यक्तिगत और समूहगत कमाई में असमानता को न्यूनतम करने वाले दिशा-निर्देशक सिद्धांत। यह करने के लिए कर की दर को बढ़ाना कारगर न होगा। इसकी पूर्ति केवल शिक्षा प्रसार और लोगों के रवैये में बदलाव लाकर ही हो पाएगी।

# अब नहीं मिलते पहले जैसे फैमिली डॉक्टर

आर.के. सिन्हा



निश्चित रूप से अगर आपकी उम्र पैंतालीस-पचास साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे। वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त-सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लीनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने।

उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाश्ता करने के बाद ही जाता। ये फैमिली डॉक्टर गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करते थे। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उलटियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता।

राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लीनिक में 'तमस' जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होती। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने 'अपना होप' नाम से क्लिनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ. कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों नि:संतान दम्पतियों को कृत्रिम गर्भाधान विधि से संतान सुख दिया था।

वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं। पर डॉ. कुसुम की 2013 में अकाल मृत्यु से बहुत रोए थे उनके रोगी भी। अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने से भयभीत रहते हैं। उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप-शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है। वे इन टेस्ट को बंद करने की जोरदार तरीके से वकालत कर रहे हैं। किसी डॉक्टर को कायदे से रोगी को कितने टेस्ट करवाने के लिए कहना चाहिए? इस सवाल का जवाब तो डॉक्टर ही दे सकते हैं, पर रोगियों को अनेक टेस्ट करवाने के लिए कहना अब रोगियों और उनके संबंधियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। उस दीन-हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उसके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी का धर्म है। यह सब डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर नहीं करते थे। इसलिए ही इन डॉक्टरों का समाज में सम्मान था। उन्हें भगवान समझा जाता था।

अब तो शायद ही कोई बहुत भाग्यशाली रोगी होगा, जिसे डॉक्टर ने बहुत से टेस्ट करवाने के लिए नहीं कहा हो। कुछ डॉक्टरों की इसी सोच को चुनौती दे रहे हैं जिनमें हैं, राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉ. राजीव सूद, एम्स के प्रख्यात कार्डियालोजिस्ट डॉ. बलराम भार्गव और सर गंगाराम अस्पताल के गेस्ट्रो विभाग में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. समीरन नंदी। डॉ. राजीव सूद मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज तथा एम्स के छात्र रहे। एम्स से यूरोलॉजी की डिग्री लेने के बाद वे राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े। डॉ. राजीव सूद 40 सालों की सरकारी सेवा करने के बाद हाल ही में रिटायर हुए तो उनके सैकड़ों रोगी परेशान हैं। वे तो निस्वार्थ भाव से रोगियों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने बाबू जगजीवन राम से लेकर न जाने कितने रोगियों का इलाज किया। उन्होंने ही ठग सम्राट नटवरलाल का भी इलाज किया था। सब जानते हैं नटवरलाल को। बहरहाल, हमें राष्ट्रहित और समाजहित में फिर से फैमिली डॉक्टर की संस्था को जिंदा करना ही होगा।




## कोंकण रेलवे (मुंबई-गोवा)

कोंकण रेलवे मार्ग पर आप पूरी यात्रा के दौरान अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कर सकते हैं। मुंबई से गोवा वाले इस रूट पर आपको खूबसूरत और शानदार पर्वत श्रृंखलाएं, कई आश्चर्यजनक मोड़, नदी पुल, झीलें और झरने देखने को मिलेंगे।



# प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर हैं ये रेलवे स्टेशन



भारत अपनी विविधताओं और संस्कृति के अलावा यहां की खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। यहां चारों तरफ प्राकृतिक सुंदरता बिखरी हुई है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भारत में ऐसे कई शहर और राज्य हैं, जो अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लेते हैं। यही वजह है कि हर साल दुनियाभर से लोग यहां घूमने आने आते हैं। देशभर में मौजूद इन खूबसूरत जगहों पर हमारे यहां घूमने के लिए कई साधन हैं। रेल इन्हीं साधनों में से एक है, जिसे देशभर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जो पूरे देश को एक साथ जोड़ता है। देशभर के लोगों को एक साथ जोड़ने वाले ये रेलमार्ग भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। यहां कई ऐसे रेलवे ट्रैक हैं, जो बेहद खूबसूरत जगहों से होकर गुजरते हैं।

## कांगड़ा वैली रेलवे

कांगड़ा घाटी रेलवे भारत के सबसे अच्छे रेलमार्गों में से एक हो सकता है। इस रूट से यात्रा करने पर आपको धौलाधार पर्वत श्रृंखला के मनमोहक दृश्यों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। आपको भारत के इस सबसे सुंदर रेल मार्ग पर कम से कम एक बार यात्रा जरूर करनी चाहिए। कांगड़ा घाटी न केवल पर्यटकों तथा प्रकृति प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र है, बल्कि धार्मिक आस्था रखने वालों के लिए विशेष आकर्षण रखता है क्योंकि इस रेलमार्ग के आसपास अनेक देवी-देवताओं से जुड़े ऐतिहासिक महत्व के मंदिर हैं।

## हिमालयन क्वीन

कालका से शिमला तक का रेलमार्ग आपको सबसे खूबसूरत यात्रा का अनुभन कराएगा। यह अविश्वसनीय यात्रा लगभग पांच घंटे तक चलती है और शिमला पहुंचने से पहले 20 रेलवे स्टेशनों, 800 पुलों, 103 सुरंगों और 900 मोड़ों से होकर गुजरती है, जो आपको मन मोह लेगा।

## डेजर्टक्वीन (जैसलमेर-जोधपुर)

हम हम जानते हैं कि भारत के हर एक शहर और राज्य की अपनी अलग पहचान और खूबसरती है। जैसलमेर से जोधपुर का रेल मार्ग ऐसी ही एक जगह है, जहां आपको बंजर रेगिस्तानी भूमि, रेत के टीलों, रेगिस्तानी वन्य जीवन और जनजातियों से भरपूर खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। यह रेल मार्ग राजस्थान के थार रेगिस्तान के सूखे जंगल और बंजर भूमि से होकर गुजरता है।

## दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे

यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की लिस्ट में शामिल इस नैरो गेज रेलवे ट्रैक पर यात्रा करने का अपना अलग ही अहसास है। इस खूबसूरत सवारी का आनंद लेने दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लोग दार्जिलिंग घूमने आते हैं। यह टॉय ट्रेन खूबसूरत पहाड़ों के बीच से होकर गुजरती है, जहां माउंट कंचनजंगा के अद्भुत दृश्य देखने को मिलते हैं।





## हंसना मना है

शादी की सालगिरह पर पत्नी को गुलाब देते हुए पति बोला, सालगिरह मुबारक हो! पत्नी- यह नहीं मुझे कोई सोने की चीज चाहिए। पति- ओ, यह लो तकिया और आराम से सो जाओ।

टीचर- बस के ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क है? स्टुडेंट- कंडक्टर सोया तो किसिका टिकट नही कटेगा, ड्राइवर सोया तो, सबका टिकट कट जायेगा।

लड़का- डिअर मेरी आंखों में देखो, तुम्हें क्या दिख रहा है? मुझे जल्दी से बताओ!' लड़की -'सच्चा प्यार' लड़का -'oye! सच्चा प्यार की बच्ची कचरा गया है जल्दी फूंक मार।

आपने कभी सोचा है, की पती और चाय की पत्ती में क्या समानता है? दोनों के नसीब में जलना और उबालना लिखा है और वो भी औरतो के हाथ से।

बच्चा मेडीकल वाले से- अंकल, गोरा करने वाली कोई क्रीम है? मेडिकल वाला - हां है.. शरारती बच्चा- तो साले, लगाता क्यों नहीं? रोज तेरा मुंह देखकर डर जाता हूं!

डॉक्टर- पप्पु अब तुम्हारी पत्नी कैसी है? पप्पू- अब काफी सुधार है उसकी तबियत में, आज सुबह तो थोड़ी बहुत लड़ाई भी की उसने।

## कहानी | चांद पर खरगोश

बहुत समय पहले गंगा किनारे एक जंगल में चार दोस्त रहते थे, खरगोश, सियार, बंदर और ऊदबिलाव। इन सभी दोस्तों की एक ही चाहत थी, सबसे बड़ा दानवीर बनना। एक दिन चारों ने एक साथ फैसला लिया कि वो कुछ-न-कुछ ऐसा ढूंढकर लाएंगे, जिसे वो दान कर सकें। परम दान करने के लिए चारों मित्र अपने-अपने घर से निकल गए। ऊदबिलाव गंगा तट से लाल रंग की सात मछलियां लेकर आ गया। सियार दही से भरी हांडी और मांस का टुकड़ा लेकर आया। उसके बाद बंदर उछलता-कूदता बाग से आम के गुच्छे लेकर आया। दिन ढलने को था, लेकिन खरगोश को कुछ नहीं समझ आया। उसने सोचा अगर वो घास का दान करेगा, तो उसे दान का कोई लाभ नहीं मिलेगा। यह सोचते-सोचते खरगोश खाली हाथ वापस चला गया। खरगोश को खाली हाथ लौटते देख उससे तीनों मित्रों ने पूछा, अरें! तुम क्या दान करोगे? आज ही के दिन दान करने से महादान का लाभ मिलेगा, पता है न तुम्हें। खरगोश ने कहा, हां, मुझे पता है, इसलिए आज मैंने खुद को दान करने का फैसला लिया है। यह सुनकर खरगोश के सारे दोस्त हैरान हो गए। जैसे ही इस बात की खबर इंद्र देवता तक पहुंची, तो वो सीधे धरती पर आ गए। इंद्र साधु का भेष बनाकर चारों मित्रों के पास पहुंचे। पहले सियार, बंदर और ऊदबिलाव ने दान दिया। फिर खरगोश के पास इंद्र देवता पहुंचे और कहा तुम क्या दान दोगे। खरगोश ने बताया कि वो खुद को दान कर रहा है। इतना सुनते ही इंद्र देव ने वहां अपनी शक्ति से आग जलाई और खरगोश को उसके अंदर समाने के लिए कहा। खरगोश हिम्मत करके आग के अंदर घुस गया। इंद्र यह देखकर हैरान रह गए। उनके मन में हुआ कि खरगोश सही में बहुत बड़ा दानी है और इंद्र देव यह देख बहुत खुश हुए। उधर, खरगोश आग में भी सही सलामत खड़ा था। तब इंद्र देव ने कहा, मैं तुम्हारी परीक्षा ले रहा था। यह आग मायावी है, इसलिए इससे तुम्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। इतना कहने के बाद इंद्र देव ने खरगोश को आशीर्वाद देते हुए कहा, तुम्हारे इस दान को पूरी दुनिया हमेशा याद करेगी। मैं तुम्हारे शरीर का निशान चांद पर बनाऊंगा। इतना कहते ही इंद्र देव ने चांद में एक पर्वत को मसलकर खरगोश का निशान बना दिया। तब से ही मान्यता है कि चांद पर खरगोश के निशान हैं और इसी तरह चांद तक पहुंचे बिना ही, चांद पर खरगोश की छाप पहुंच गई।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**वृषभ**



घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**मिथुन**



धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क**



किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**



वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा।

**कन्या**



शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला**



सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक**



घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा।

**धनु**



चोट व रोग से परेशानी संभव है। आराम तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा।

**मकर**



स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**कुम्भ**



शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**मीन**



आंखों का ख्याल रखें। अज्ञात भय सताएगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

बॉलीवुड | मन की बात

# सान्या सागर संग मेरी शादी जल्दबाजी में हुई थी : प्रतीक



प्रतीक बब्बर भी एक्टिंग स्किल्स की का कोई जवाब नहीं है, उनकी फिल्मों से उनकी मेहनत साफ झलकती है। उन्होंने लवर बॉय से लेकर नेगेटिव किरदार तक हर रोल में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया है। इस सब के अलावा एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी लाइमलाइट रहे हैं। आइए जानते हैं एक्टर ने अपने इंटरव्यू में क्या कुछ कहा। प्रतीक बब्बर ने साल 2019 में फिल्म प्रोड्यूसर सान्या सागर से शादी की थी। वहीं, 2020 में दोनों अलग हो गए और 2023 जनवरी में तलाक ले लिया था। एक्टर ने बताया कि तलाक के बाद वो पूरी तरह टूट गए थे। प्रतीक बब्बर ने अपनी हालिया पार्टनर प्रिया बनर्जी को लेकर भी बात की। एक्टर ने कहा कि उनकी पहली शादी जल्दबाजी में हुई थी, उन पर फैमिली प्रेशर था, 32 तक शादी और 35 तक उन्हें बच्चे करने थे। प्रतीक बब्बर ने सान्या सागर संग शादी पर कहा, हम प्यार में थे इसलिए हमने शादी की। मैं उस रिश्ते को पूरा सम्मान देना चाहता था, जिसका वो हकदार था। हम दो अलग-अलग लोग थे। हमारे पास एक-दूसरे को समझने का टाइम नहीं मिल रहा था। मुझे लगता है कि शादी या किसी सॉलिड एक्शन से पहले एक-दूसरे के बारे में जानना बेहद जरूरी है। ये शादी जल्दबाजी में की गई थी। कुछ फैमिली प्रेशर था। मैं 32 साल का था, और मैं 35 साल तक बच्चे पैदा करना चाहता था। प्रतिक बब्बर ने इंटरव्यू में ये भी बताया कि कैसे उनके हाथ से भाग मिल्खा भाग निकल गई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें फिल्म के लीड रोल के लिए चुन लिया गया था और उन्होंने प्रसून जोशी के साथ स्क्रिप्ट पढ़ना भी शुरू कर दिया था। एक्टर ने आगे कहा, उस वक्त मैं उदयपुर में आरक्षण की शूटिंग कर रहा था और राकेश ओमप्रकाश मेहरा मुझसे मिलने आए थे। जब फिल्म को लॉक करने की बात आई, तो मेरे उस वक्त के मैनेजर ने मुझसे कहा कि वे इसे हैंडल कर लेंगे। मैं 23 साल का था, मुझे नहीं पता था कि पैसे के बारे में क्या बात करूं लेकिन मेरी एजेंसी ने उन्हें परेशान कर दिया। तीन हफ्ते बाद मुझे पता चला कि फरहान अख्तर फिल्म कर रहे हैं। मैं आज भी निराश हूं।

## कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर रिलीज

# सफलता के गुरुर में चूर दिखीं रवीना टंडन

नए साल के साथ फिल्मी सितारे भी अपने नए प्रोजेक्ट्स लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। अब रवीना टंडन भी दमदार अंदाज में दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। केजीएफ 2 में एक्ट्रेस पहले ही अपना दम दिखा चुकी हैं। अब फिर से वह एक अलग अवतार में दिखाई देंगी। रवीना को जल्द ही वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में देखा जाने वाला है। अब एक्ट्रेस ने इसका ऐलान करते हुए सीरीज का टीजर भी शेयर कर दिया है।

कर्मा कॉलिंग के टीजर में रवीना पूरे गुरुर में बैठी दिख रही हैं। यहीं उन्होंने पूरी लाइमलाइट लूट ली है। इसमें एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, सक्सेस पाने के लिए कोई रूल्स नहीं होते हैं। कुछ सही-गलत नहीं होता। अपने उसूल, आदर्श और यहां तक कि अपना परिवार, सब भाड़ में जाए। लोग कहते हैं, जैसा करोगे वैसा भरोगे, लेकिन मैं कहती हूं कि अगर दुनिया आपके कदमों पर हो तो कर्मा भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यहां रवीना बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं।

रुचि नारायण के निर्देशन में बनी यह वेब सीरीज अमेरिकन सीरीज रिवेंज का हिन्दी वर्जन कही जा रही है। इसे आशुतोष शाह ने निर्मित किया है। सीरीज में रवीना को लीड रोल में देखा जाएगा। उन्होंने इंद्राणी कोठारी नाम की एक बेहद अमीर और गुरुर से भरी महिला का किरदार निभाया है। इस सीरीज के जरिए अमीरों की चकाचौंध भरी दुनिया को दिखाया जाएगा, जो किसनी धोखे और अहंकार से लबरेज है।



### इस दिन रिलीज होगी वेब सीरीज

कर्मा कॉलिंग को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाने वाला है। यह 26 जनवरी 2024 से रिलीज होने वाली है। अब टीजर जारी होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है। दर्शकों पर इसकी अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। खासतौर पर लोग रवीना का नया अंदाज देखने के लिए बेताब हो रहे हैं।

# डंकी के प्रमोशनल को लेकर जारी हुई फेक इनवाइट



सुपरस्टार शाहरुख खान की अगली रिलीज डंकी के लिए दर्शक तैयार बैठे हैं। फिल्म की रिलीज में एक हफ्ते से भी कम वक्त रह गया है और बेसब्री से इसकी एडवांस बुकिंग शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। फिल्म में शाहरुख के साथ विक्की कौशल और तापसी पन्नू भी हैं।

हाल ही में सोशल मीडिया पर शाहरुख खान की कंपनी, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के नाम से एक इनवाइट वायरल होने लगा। इसमें कहा गया है कि किंग खान जयपुर में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने आ रहे हैं। ये भी दावा किया गया कि शाहरुख के साथ विक्की और तापसी भी जयपुर में होंगे। इनवाईट में दी जानकारी में बताया गया कि फिल्म की टीम पहले जयपुर के एक नामी होटल में प्रेस कांफ्रेंस करेगी और फिर जीटी मॉल में एक प्रमोशनल इवेंट होगा। लेकिन ये इनवाईट फेक है। डंकी को शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रही है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी दी गई कि जयपुर में डंकी के प्रमोशनल इवेंट का इनवाईट फेक है। रेड चिलीज ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के नाम, 23 दिसंबर को जयपुर के जीटी मॉल में डंकी के लिए एक फेक प्रमोशन इनवाईट सर्कुलेट हो रहा है। कृपया ध्यान दें कि ये बिल्कुल झूठ है और न ही रेड चिलीज, न कास्ट और फिल्म से जुड़ा कोई भी व्यक्ति इसका सपोर्ट कर रहा है। हम सभी से निवेदन करते हैं कि इसमें भाग लेने से बचें। कोई इवेंट होने पर, हम ऑफिशियल जानकारी शेयर करेंगे।

अजब-गजब | बर्फ में मछलियां मरती क्यों नहीं, जानें साइंस फैक्ट

# जमी झील में भी कैसे जिंदा रहती हैं मछलियां

सर्दी के इस मौसम में कई नदियों और झीलों का पानी जम जाता है। कश्मीर की डल ले़क की कई तस्वीरें आपने देखी होंगी। फिर पानी के अंदर मछलियां कैसे जिंदा रहती हैं? बर्फ में मरती क्यों नहीं? जबकि साइंस के मुताबिक, बर्फीली ठंड ज्यादातर मछलियां बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। उनका शरीर इसे झेल ही नहीं सकता, फिर ऐसा क्या हो जाता है कि बर्फ के नीचे दबी इन मछलियों को कुछ नहीं होता। वे आराम से टहलती रहती हैं, ऑनलाइन प्लेटफार्म कोरा पर यही सवाल पूछा गया। आइए जानते हैं सही जवाब।

इस सवाल का जवाब साइंस में छिपा हुआ है। सर्दियों में ठंडी हवा जल की सतह को ठंडा करती है जिससे उसका तापमान कम होने लगता है। यानी घनत्व अधिक होने लगता है। इससे अधिक घनत्व का जल नीचे जाता है और कम घनत्व का जल ऊपर जाने लगता है। 0ऐष्ट पर ऊपर का पानी तो बर्फ में बदल जाता है, लेकिन नीचे का पानी जिसका तापमान 4ऐष्ट है, बर्फ में नहीं बदल पाता। पानी के ऊपर कुछ ही मोटी बर्फ की परत जम जाती है और नीचे का पानी गर्म बना रहता है। क्योंकि 4ऐष्ट



तापमान पर पानी का फैलाव सबसे कम और घनत्व सबसे ज्यादा होता है। ऊपरी सतह के जमने का कारण पानी का अनियमित फैलाव ही होता है।

अगर वहां पर बर्फ की परत न पड़े तो पानी इतना अधिक ठंडा हो जाएगा, जिससे पानी में उपस्थित सभी जीव-जंतु, मछलियां आदि सर्दी के कारण मर जाएंगी। बर्फ की परत उनके लिए वरदान बन जाती है क्योंकि नीचे का पानी गर्म बना रहता है। यूं कहें कि तापमान सामान्य बना रहता है जिसके कारण मछलियां और जलीय जीव जीवित रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जब बर्फीली हवाएं चलती हैं और बर्फ की परत जम जाने के कारण ठंडी हवाएं नीचे के पानी को नहीं छू पातीं, इससे सभी जीव जिंदा रहते हैं।

# ये है दुनिया का सबसे छोटा एयरपोर्ट

## सिर्फ 400 मीटर की है हवाई पट्टी



जिन लोगों ने प्लेन से यात्रा की होगी, वो फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट भी गए होंगे और वहां की खूबसूरती और फायदों को देखकर काफी इंप्रेस भी हुए होंगे। दिल्ली-मुंबई छोड़िए, आपको देश के अन्य छोटे एयरपोर्ट पर भी कमाल की सुविधाएं मिल जाएंगी। आराम करने से लेकर, खाने-पीने तक की पूरी व्यवस्था होती है। पर सोचिए कि जो सबसे छोटे एयरपोर्ट होंगे, वहां का क्या हाल होता होगा। आज हम आपको दुनिया के सबसे छोटे एयरपोर्ट के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां पर प्लेन की लैंडिंग काफी खतरनाक मानी जाती है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरा पर हाल ही में किसी ने ये सवाल किया है कि दुनिया का सबसे छोटा एयरपोर्ट कहां है। चलिए देखते हैं कि लोगों ने क्या उत्तर दिए हैं। केन एकर्ट नाम के एक यूजर ने कहा कि उसने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक बेहद छोटा एयरपोर्ट देखा था, जिसकी हवाई पट्टी बहुत छोटी थी जो सिर्फ छोटे पैसेंजर जेट के लिए थी। रिचा ने कहा- कैरिबियन के सबा आइलैंड पर Juancho E l Yrausquin Airport है। यहां का रनवे सिर्फ 400 मीटर का है। मेघा शर्मा ने कहा ने भी जुआंचो एयरपोर्ट के नाम का जिक्र किया। मनीषा सैन ने भी यही उत्तर दिया। ये तो आम लोगों के जवाब हैं, चलिए विश्वसनीय सोर्सेज से जानते हैं कि सच क्या है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया का सबसे छोटा एयरपोर्ट कैरेबियन में सबा आइलैंड पर ही है जिसका नाम जुआंचो यरॉस्क्विन एयरपोर्ट है। ये बेहद छोटा आइलैंड है। इसकी हवाई पट्टी सिर्फ 1300 फीट लंबी, यानी 400 मीटर की है। इसमें से सिर्फ 900 फीट का ही इस्तेमाल होता है। इस हिसाब से ये रनवे किसी एयरपोर्ट कैरियर जितना ही बड़ा है जिसपर विमान को रखकर समुद्रों में ले जाया जाता है। इस वजह से ये दुनिया का सबसे छोटा कमर्शियल रनवे है। ये सबा आइलैंड के लिए लाइफलाइन की तरह है क्योंकि इसी एयरपोर्ट के जरिए टूरिस्ट आते जाते हैं, साथ ही मेडिकल इमर्जेंसी से भी निपटा जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां उतरने वाली फ्लाइट्स को दुनिया की सबसे डरावनी लैंडिंग की लिस्ट में शामिल किया जाता है, इस कारण यहां प्लेन को लैंड करना भी खतरनाक होता है। यहां प्लेन उड़ाने वाले पायलट बहुत ही ज्यादा ट्रेंड होते हैं।

# कांग्रेस फिर जीतेगी जनता का मन : जीतू पटवारी

» मप्र कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत

» बोले- राज्य में हवा में न रह जाए पीएम मोदी की गारंटी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंदौर। मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद जीतू पटवारी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी योजना बनाना शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद घर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इलाके के कई नेता उनके निवास पर पहुंच गए थे।



पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन बेहतर करने की चुनौती का अहसास मुझे है। हम कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएंगे और कांग्रेस प्रदेशवासियों का मन जीतने की कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उसके लिए में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद देता हूं। आने वाले समय में हम कांग्रेस की विचारधारा को घर -घर पहुंचाएंगे और प्रदेश में कांग्रेस का सामूहिक नेतृत्व रहेगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा करने की चुनौती का मुझे अहसास है। इसका सामना करने के लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मेरे साथ है। मैं मानता हूं कि नई सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है। उसमें लाडली बहनों को तीन हजार रुपये, 2700 रुपये गेहूं के दाम, 3100 रुपये धान के दाम और 2 लाख नौकरियां शामिल हैं। यह गारंटी प्रदेश की आशा का केंद्र है। इसे सरकार पूर्ण करे। हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

### पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं, वरिष्ठों का सहयोग लेंगे

कांग्रेस में गुटबाजी नहीं है। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे। वरिष्ठ नेतागणों के मार्गदर्शन में ही कांग्रेस आगे बढ़ेगी और बेहतर काम करेगी। मुझे और उमंग सिंगार को पार्टी ने महत्वपूर्ण पद दिए हैं। हम दोनों ही युवा हैं। युवाओं को आगे बढ़ाना समय की मांग है और यह स्वाभाविक प्रक्रिया भी है। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह हमारे वरिष्ठ नेता हैं। उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव व आगामी अन्य चुनाव लड़े जाएंगे। सभी वरिष्ठों का मार्गदर्शन हमारे लिए जरूरी है। कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व के आधार पर ही रणनीति बनाएगी।

## सुल्तानपुर कोर्ट नहीं पहुंचे राहुल, अगली सुनवाई 6 जनवरी को

सुल्तानपुर। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट के आदेश के बाद भी शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अदालत में हाजिर नहीं हुए।



एमपी-एमएमए की विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने राहुल गांधी के खिलाफ दोबारा समन जारी करने का आदेश देते हुए अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी 2024 की तिथि नियत की है। अधिवक्ता संतोष पांडेय के मुताबिक कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस (परिवाद) दायर किया था। परिवादी विजय मिश्र का आरोप है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुई थी। कोर्ट ने 27 नवंबर 2023 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने समन जारी करने का आदेश देते हुए राहुल गांधी की उपस्थिति के लिए 16 दिसंबर की तिथि नियत की थी।

# मैं अब भी लोगों को सीधा कर सकता हूं: शरद पवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बिना नाम लिए अपने भतीजे और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार पर निशाना साधा। उन्होंने अपने जन्मदिन पर पुणे में आयोजित एक बैलगाड़ी दौड़ कार्यक्रम में कहा कि अभी मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। अभी भी मुझमें कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इस बयान को अजित के ऊपर कटाक्ष के तौर पर देखा जा रहा है।

दरअसल, रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री रहे शरद पवार का जन्मदिन था। बैल दौड़ खेल के आयोजन के मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में बिना किसी का नाम लिए तंज कसा। उन्होंने कहा, मुझे आपसे शिकायत है। आप सभी अपने भाषणों में इस बात पर जोर देते रहते हैं कि मैं 83 साल का हूं, मैं 84 साल का हूं। आपने क्या देखा है? मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। मेरे पास अभी भी कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। आप चिंता मत करें। शरद पवार ने आगे कहा कि खेल किसानों को संतुष्टि और आत्मविश्वास देता है। शरद पवार के इस हालिया बयान को भतीजे अजित पर तंज समझा जा रहा है। दरअसल, इस साल जुलाई में अजित ने बगावत कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने भाजपा का हाथ थाम लिया था। बाद में उन्होंने एनसीपी पर भी अपना दावा ठोक दिया था। एनसीपी में बगावत करने के बाद अजित ने कहा था कि उनके चाचा बूढ़े हो गए हैं और उन्हें अगली पीढ़ी के लिए पार्टी की कमान संभालने का रास्ता बनाना होगा। अब शरद के ताजा बयान को अजित के पुराने बयान पर पलटवार के रूप में देखा जा रहा है।

**जन्मदिन पर बोले- मैं अभी बूढ़ा नहीं हुआ हूं**



# प्रदेश में अभी और गिरेगा तापमान अब पहाड़ी हवा बढ़ाएगी गलन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पहाड़ों में पड़ रही बर्फबारी का असर यूपी में तेजी से दिख रहा है। धीरे-धीरे पश्चिम से लेकर पूर्व तक कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। पिछले बुधवार के बाद तापमान धीरे-धीरे घट रहा है। हालांकि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान लगभग स्थिर बना हुआ है, लेकिन न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है।

हवाओं के असर से धूप बेअसर हो चुकी है, हालांकि दिन का तापमान स्थिर बना हुआ है। रात के पारे में दो डिग्री तक की गिरावट जारी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पछुआ हवा आगे बढ़ेगी और पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाएं ठंड बढ़ाएगी। सोमवार की सुबह कई जगहों पर कोहरा भी रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र में रविवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि दिन का पारा शनिवार के बराबर 24.1 डिग्री ही रहा। प्रदेश में सबसे ठंडी रात बरेली की बनी हुई है। यहां पर रात का पारा 4 से नीचे जा पहुंचा और लुढ़क कर 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों में तापमान में 2 डिग्री के आसपास की गिरावट आने के आसार हैं। कोहरा भी बढ़ेगा।

# अधिवक्ता अचला सिंह कांग्रेस में शामिल

## प्रवक्ता अलका लांबा ने पटका और बुके देकर ज्वाइन कराई पार्टी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। पेशे से अधिवक्ता और महिला सशक्तिकरण पर सक्रिय रहने वाली श्रीमती अचला सिंह ने कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा से मिलकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है । नई दिल्ली में कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने पटका और बुके देकर अचला सिंह को कांग्रेस ज्वाइन कराई और सांप्रदायिक और संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया ।



कांग्रेस से जुड़ते हुए अचला सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के संघर्ष से प्रभावित होकर वह कांग्रेस से जुड़ी हैं । उन्होंने कहा कि अलका लांबा मेरे और देशभर की महिलाओं के लिए रोल मॉडल हैं जो राजनीति में हमारा नेतृत्व करती हैं, उनके हाथों कांग्रेस से जुड़ना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी कार्य कर रही है और देश के सद्भाव और भाईचारे को तोड़ रही है जो खतरनाक है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं और सर्व समाज को भाजपा को रोकने के लिए आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करना और महिलाओं, गरीबों और नौजवानों की आवाज उठाना उनका प्रथम ध्येय हैं।

# परमहंस श्री विश्वानंद ने मनाया कार्तिक उत्सव

» हजारों अनुयायियों के साथ वृन्दावन में की पूजा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय हिंदू गुरु, परमहंस श्री विश्वानंद ने 4,000 से अधिक अनुयायियों के साथ वृंदावन शहर में कार्तिक का शुभ माह मनाया। परमहंस विश्वानंद जिनका जन्म 13 जून 1978 को मॉरीशस में हुआ था, मौलिक रूप से बिहार के एक ब्राह्मण परिवार से हैं।**



पश्चिम में सनातन धर्म के प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान है और 'सोशल मीडिया और यूट्यूब' पर उनके लाखों अनुयायी हैं। वह 24 जुलाई, 2021 को संस्थापित हरि भक्त संप्रदाय के संस्थापक आचार्य हैं। उनके समुदाय में लगभग 50,000 सदस्य हैं, जिनमें 450 ब्रह्मचारी-ब्रह्मचारीनी, 50 स्वामी-स्वामीनी और ऋ षि-ऋ षिका इत्यादि शामिल हैं। नवंबर 2023 में, सीएनएन ने उनके वैश्विक प्रभाव और पश्चिम में उनकी शिक्षाओं के सार्वभौमिक आकर्षण के कारण उन्हें विश्व के सुप्रसिद्ध गुरुओं में से एक के रूप में मान्यता दी। वृन्दावन में अपने समय के दौरान, परमहंस श्री विश्वानन्द ने तुलसी विवाह का उत्सव मनाया और विश्व भर के अपने हजारों अनुयायियों और वृन्दावन के निवासियों को दर्शन (आशीर्वाद) प्रदान किया। स्विस ट्रैवल एजेंट, हेइके किफर, जो 2002 से उनके कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ने बताया है कि गुरुदेव ने 46 देशों और 220 शहरों में 331 दर्शन आयोजित किए हैं, और 133,000 से अधिक व्यक्तियों को आशीर्वाद प्रदान दिया है।

# अर्शदीप-आवेश के बाद साईं-श्रेयस चमके

» भारत ने पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका आठ विकेट को रौंदा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में भारत ने शानदार जीत दर्ज की है। पहले वनडे मुकाबले में आठ विकेट से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया है। भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में जीत हासिल 1-0 से सीरीज में बढ़त बनाई है। पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 116 रनों के छोटे स्कोर पर ही पवेलियन लौटा दिया था।



वहीं भारतीय टीम को जीत के लिए 117 रन चाहिए थे, जो टीम ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा एकदिवसीय मुकाबले 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में खेला जाएगा। पहले वनडे मुकाबले में भारतीय टीम को टारगेट का पीछा करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। भारतीय टीम का पहला विकेट ऋतुराज गायकवाड़ के तौर पर आउट हुआ जो 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद साइन सुदर्शन और श्रेयस अय्यर ने 88 रनों की साझेदारी की और मैच में भारत को शानदार जीत दिला दी। इस मैच में शानदार प्रदर्शन साईं सुदर्शन ने किया। चाइनीस मैच में 43 गेंद में नाबाद 55 रनों की पारी खेली। बता दे की साईं सुदर्शन का यह डेब्यू मुकाबला था। वही साईं का इस जीत में साथ दिया श्रेयस ने जिन्होंने 45 गेंद में 52 रनों की बेहतरीन पारी खेली। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये जिससे तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे में टीम 27.3 ओवर के अंदर महज 116 रन पर आउट हो गयी। अर्शदीप ने अपने 10 ओवर के कोटे में 37 रन देकर पांच विकेट लिये जबकि आवेश ने आठ ओवर में 27 रन पर चार विकेट चटकाये। एक सफलता कुलदीप यादव (तीन रन पर एक विकेट) को मिली। दक्षिण अफ्रीका के लिए एंडिले फेहलुकवायो ने 33 और सलामी बल्लेबाज टोनी डी जोरजी ने 28 रन का योगदान दिया। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में युवा भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज असहज नजर आये।




# यूपी में नहीं रुक रही शोहदों की मनमानी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायबरेली। यूपी में शोहदों की छेड़खानी पर लगाम नहीं लग पा रही है। योगी सरकार के अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति को ये मनचले धता बता रहे हैं। दरअसल, रायबरेली के सरेनी थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने शोहदे से तंग आकर खुदकुशी कर ली। उसका सुसाइट नोट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रायबरेली के सरेनी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात शोहदे से तंग होकर एक किशोरी ने खुदकुशी कर ली।





**तंग आकर किशोरी ने दे दी जान, सुसाइड नोट में लिखा- आरोपी को न छोड़ना**

घटनास्थल से एक सुसाइट नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि मम्मी, पापा मुझे माफ कर देना। मैं तो मर ही जाऊंगी लेकिन मोनू को मत छोड़ना। सुसाइट नोट में इस बात की पुष्टि हुई है कि आरोपी अश्लील फोटो के जरिए उसे परेशान कर रहा था। घटना की जानकारी से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सभी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे टीला पोस्ट मीठापुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार अपनी पत्नी विमला के साथ रोजी-रोटी के लिए कानपुर में रहते थे जबकि गांव में बेटी नेहा (18), नंदिनी (15), जूही (12), नैंसी (8) अपने चाचा राजेंद्र कुमार के साथ रहती थी। चाचा राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव का मोनू नंदिनी को तंग करता था। इससे वह परेशान रहती थी। इसी वजह से उसने रात करीब आठ बजे पंखे के हुक से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो दूसरी बहन ने उसे आवाज लगाई। जब कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की से झांककर कमरे में देखा गया तो नंदिनी का शव फंदे से लटक रहा था। उसे नीचे उतारा गया पर उसकी मौत हो चुकी थी।

### मोनू की वजह से ही मैं मरने जा रही हूं...

घटनास्थल से बरामद सुसाइट नोट में लिखा है-अलविदा। मेरी प्यारी मम्मी और पापा मुझे पूरा यकीन है कि मेरे मरने के बाद आप लोग मुझे माफ कर देंगे और दीदी से हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं। मैं तो मर ही जाऊंगी लेकिन मोनू को मत छोड़ना। उसी की वजह से मैं मरने जा रही हूं क्योंकि उसने मुझे बहुत परेशान किया। ब्लैकमेल किया और भगवान जाने कहां से फोटो निकाला है। उसे मैं नहीं जानती लेकिन उसने इन्हीं फोटो के जरिए मुझे बहुत ब्लैकमेल किया है। मेरी आत्मा को शांति तभी मिलेगी जब उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। आपकी प्यारी बेटी नंदनी अलविदा और मुझे सभी माफ कर देना। इस नंबर 9129099334 पर फोन करके बना देना ठीक है और कह देना कि मैं नंदनी की मम्मी हूं। अंजली की मम्मी को बुला लेना सब बात बताएंगी।

### मामले पर परदा डालने में जुटी रही पुलिस

शोहदे के चलते किशोरी ने खुदकुशी कर ली, लेकिन इस पूरे मामले में सरेनी थानेदार और उनके मातहत परदा डालने में जुटे रहे। पहले थानेदार और उनके मातहत यही बताते रहे कि किशोरी ने महज खुदकुशी कर ली है कोई बात नहीं है। बाद में मृतका का सुसाइट नोट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो न सिर्फ पुलिस हरकत में आई, बल्कि उसके सुर भी बदल गए। परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षा चूक में सिर्फ जांच नहीं सुधार जरूरी: अधीर रंजन चौधरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा कि जिन कारणों से हाल में 13 सदस्यों को निलंबित किया गया, मैं आग्रह करूंगा कि इस मामले को समग्र रूप से फिर से देखा जाए और निलंबन को रद्द करने और सदन में व्यवस्था बहाल करने के लिए उचित कार्रवाई की जाए। पत्र में आधीर रंजन ने कहा कि जहां तक संसद की सुरक्षा का सवाल है तो सुरक्षा तंत्र के संबंध में सिर्फ जांच ही नहीं,बल्कि इसमें जरूरी सुधार की तत्काल जरूरत है। इसके लिए तत्काल जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। मामले में उस पहलू की भी जांच करने की जरूरत है, जिनकी वजह से युवा इस तरह के दुस्साहस करने को मजबूर हो रहे हैं और खुद को खतरे में डाले रहे हैं। उनके परिवारों और दोस्तों की दुर्दशा पर भी ध्यान देने की जरूरत है।



### कोरोना से यूपी में एक और केरल में चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कोविड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत समेत कई देशों को अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। डब्ल्यूएचओ ने एडवाइजरी जारी करते हुए कोविड प्रोटोकोल का पालन करने की सलाह दी है। संगठन ने सभी प्रभावित देशों को कड़ी निगरानी और टेस्टिंग जारी रखने को कहा है। देश में एक बार फिर कोरोना अपना पैर पसारने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में रविवार को कोविड के 335 नए मामले सामने आए हैं। वर्तमान में देश में कोविड के कुल 1,701 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पांच और लोगों की मौत हो गई है, जिसमें केरल में चार और उत्तर प्रदेश में एक संक्रमित शख्स की मौत हुई है। इस संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,316 हो गई। मौतों के आंकड़ों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता एक बार फिर बढ़ने लगी है।

### मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र आज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल रहेंगे, जबकि कमलनाथ उपस्थित नहीं रहेंगे। बता दें 16वीं विधानसभा के चार दिवसीय सत्र की शुरुआत आज से हो रही है. सत्र को लेकर एक दिन पहले ही प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने सत्र की तैयारियों का जायजा लिया था। विधानसभा में बनाई गई बैठक व्यवस्था के अनुसार पहले नंबर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैठेंगे, दूसरे नंबर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, तीसरे पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, जबकि चौथ नंबर की सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बैठेंगे. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघांर 117 और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 118वें नंबर की सीट पर बैठेंगे। संसद में हुई घटना के बाद से मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय अलर्ट मोड पर है। आज से शुरू हो रहे चार दिवसीय विधानसभा सत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परिसर में सीमित संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा।

### एक देश, एक चुनाव पर कोविंद समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार पर मंथन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि यह बैठक अब तक हुई प्रगति की समीक्षा के लिए है और इस दौरान एक साथ चुनाव कराने को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया पर भी मंथन किया जाएगा।

## इस बार मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे: लालू प्रसाद

» इंडिया गठबंधन की बैठक के लिए दिल्ली पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। इंडिया गठबंधन की दिल्ली में मंगलवार (19 दिसंबर) को चौथी बैठक होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में शामिल होने के लिए सोमवार (18 दिसंबर) को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली जाने से पहले पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम सुनते ही लालू प्रसाद यादव तमतमा गए।



लालू यादव ने कहा कि हम लोग बैठक में शामिल होने जा रहे हैं, वहीं से निर्णय लेंगे। सभी सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा और मोदी सरकार को उखाड़ कर फेंकेंगे। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोग दिल्ली में बैठक करेंगे और सभी मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान पत्रकारों के सवाल पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि 2024 में वो फिर वापस आएंगे इस पर लालू प्रसाद यादव भड़क गए, लालू ने कहा, रोज यही बात पूछते हैं, क्या है नरेंद्र मोदी? आएंगे तो आओ। उधर, मंगलवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। नीतीश कुमार आज शाम में दिल्ली रवाना होंगे। आज दिन में जनता दरबार का उनका कार्यक्रम था जिसको लेकर शाम में दिल्ली जाने का प्लान बना है।

फोटो: 4पीएम



**दीक्षांत समारोह** भातखंडे के दीक्षांत समारोह में छात्रों को पुरस्कृत करतीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की स्मारिका का भी विमोचन किया।

## हिप्पो ने सफाईकर्मी पर किया हमला, मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

» चिड़ियाघर में हुआ हादसा

लखनऊ। लखनऊ के चिड़ियाघर से हृदय बिदारक खबर आई है। हिप्पो ने वहीं के एक कर्मचारी पर हमला कर दिया उसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना सुबह 10 बजे की है। घटना के अनुसार सूरज चड़ियाघर में एक कर्मचारी है।

वह 10 बजे के करीब हिप्पो के बाड़े में काम करने गया था। वह कुछ दिन पहले ही कानपुर चिड़ियाघर से यहां आया था। उसे हिप्पो की देखभाल करने के लिए 5500 रु महीना की सैलरी पर रखा गया था। करीब वह 12 साल से सफाई का काम चिड़ियाघर में कर रहा था। जानकारी मिलने के बाद मृतक सूरज के परिजन दुख से विचलित हो गए। सूरज कंपवेल रोड बरौरा थाना ठाकुरगंज का निवासी था। मृतक के परिवार में एक बेटा एक बेटी व पत्नी है। सूरज की मौत के बाद उसके परिवार में अब कोई कमाने वाला नही बचा है। खबर पता चलते है सिविल अस्पताल में चिड़ियाघर के कर्मी एकत्रित हो गए।



## दक्षिण भारत में एनआईए ने 19 स्थानों पर मारा छापा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। केंद्र सरकार कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह के खिलाफ एक्शन में है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह का भंडाफोड़ किया है। एनआईए दक्षिण भारत में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। फिलहाल दक्षिण भारत में 19 स्थानों पर छापेमारी चल रही है। आज सुबह से ही छापेमारी चल रही है। आतंकवाद रोधी एजेंसी राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में ये छापेमारी कर रही है।

घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने कुछ परिचालन कारणों से सटीक स्थान और जिहादी समूह के बारे में जानकारी साझा नहीं की। एनआईए द्वारा जिन 19 स्थानों की तलाशी ली जा रही है, उनमें से अधिकांश जिहादी समूह से जुड़े संदिग्धों से जुड़े हैं। घटना क्रम से जुड़े सूत्रों ने कुछ कारणों से सटीक स्थान और जिहादी समूह के बारे में जानकारी साझा नहीं की। सूत्रों ने मिले इनपुट के अनुसार कहा कि आतंकवादी समूह भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त है और उसने हमलों की योजना बनाना, युवाओं की भर्ती करना सीख लिया है।

### छापेमारी के दौरान जब्त हुई कई चीजें

दो अन्य संदिग्धों की संपत्तियों की भी तलाशी ली गई। छापेमारी में, एनआईए की टीमों ने मोहम्मद उमर, मोहम्मद फैसल रब्बानी, तनवीर अहमद, मोहम्मद फारूक और भगोड़े जुनैद अहमद के आवासों पर की गई छापेमारी के दौरान कई डिजिटल डिवाइस, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और 7.3 लाख रुपये की नकदी जब्त की।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।